फर्द अहकाम

अज अदालत उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा

रामसहाय बनाम कंचन वगै0

किस्म मुकदमा : **दावा**

मु0नं0 14/2020

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07.09.2022	पत्रावली पेश । वकील वादी उपस्थित आए। पत्रावली में तहसीलदार बहरावण्डा द्वारा प्राथमिक डिक्री दिनांक 07.10.2020 की पालना में कुर्रेजात प्रस्ताव तैयार कर पेश किए जा चुके हैं। वकील वादी की बहस कुर्रेजात प्रस्ताव सुनी गई। कुर्रेजात प्रस्ताव एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। संलग्न दस्तावेजात जमाबन्दीयात का अवलोकन किया गया। वादी अधिवक्ता की बहस के तथ्यों पर गौर किया गया। वादी अधिवक्ता मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव अंतिम डिक्री किए जाने हेतु सहमत है। कुर्रेजात का अवलोकन करने से अंतिम डिक्री किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। अतः तहसीलदार बहरावण्डा द्वारा पेश कुर्रेजात प्रस्ताव स्वीकार किया जाकर दावा वादी मुताबिक कुर्रेजात प्रस्ताव अंतिम डिक्री किया जाता है। कुर्रेजात प्रस्ताव निर्णय का भाग होंगे। निर्णय मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। तहसीलदार बहरावण्डा को निर्णयानुसार पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय (दौसा)	